**भारत सरकार**
**केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग**
**हिन्दी प्रश्न पत्र–2**

**समय : 3:00 घंटा** **पूर्णांक : 100**

**प्रश्न 1: निम्नलिखित पर टिप्पणियां लिखिए।**

क) छुट्टी यात्रा रियायत भत्ता
ख) कार्य आदेश
ग) अतिरिक्त मद विवरणी

अंक 15

**प्रश्न 2: निम्नलिखित शब्दों के अंग्रेजी पर्याय लिखें।**

(क) संचालन समिति (ख) पूरक (ग) देयता (घ) शीर्ष निकाय (ङ) प्रति व्यक्ति आय
(च) अधिकतम सीमा (छ) लेखा अनुदान (ज) शून्यांकन करना (झ) अवज्ञा (ञ) तदर्थ

अंक 10

**प्रश्न 3: निम्नलिखित का अंग्रेजी में अनुवाद करें।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2 अक्टूबर, 2014 को स्वच्छ भारत अभियान का शुभारंभ किया। यह राष्ट्रपिता को एक उचित श्रद्धांजलि थी जोकि साफ–सफाई के विषय में चिंतित रहते थे। प्रस्तावित स्वच्छता अभियान भारत की सामाजिक और आर्थिक छवि का पुनर्निर्माण करेगा और एक महान परिवर्तन का आगाज करेगा। स्वच्छता का संक्रामक रोगों जोकि भारत में बहुत होते हैं, के प्रसार से सीधा संबंध है। वास्तव में ''सन् 2000 तक सभी के लिए स्वास्थ्य" पहल इसीलिए विफल रही थी क्योंकि इसके साथ एक प्रभावी स्वच्छता कार्यक्रम आरंभ नहीं किया गया था। भारत में बारम्बार महामारियों के फैलने का मूल कारण अस्वच्छता ही है। यदि इस कार्यक्रम को समग्रता से कार्यान्वित किया जाता है तो यह देश 2 अक्टूबर, 2019 तक सभी के लिए स्वास्थ्य का लक्ष्य प्राप्त कर सकता है। संपूर्ण स्वच्छता कार्यक्रम की सफलता जहाँ एक ओर निर्धनतम लोगों के जीवन–स्तर में सुधार लाएगी वहीं भारत के मानव विकास सूचकांक में भी सुधार करेगी।

अंक 20

**प्रश्न 4: निम्नलिखित वाक्यांशों को हिन्दी में लिखें।**

(क) The Prime Minister asserted today that there can not be and will not be any compromise with forces of terrorism which posed a serious challenge to the unity and integrity of the country.

(ख) The year under review has been remarkable for one important reason that many of the outstanding disputes with the workers and employees have been settled.

(ग) The proposal for the creation of another post of an Asstt. Director sent by the Directorate of Publication does not have adequate justification. We may regret our inability to agree to it.

(घ) To resolve the differences between the Departments concerned, it is suggested that matter may be discussed at a meeting which may be convened at Deputy Secretary's level.

(ङ) Shri Ramesh Kumar has applied for two months earned leave which is at his credit. No substitute has been asked for. The leave may, therefore, be sanctioned. Draft office order is put up for approval.

अंक 20

**प्रश्न 5: निम्नलिखित का हिन्दी में अनुवाद करें।**

During the ancient times and before the advent of the industrial revolution, the cottage and village industries of India were in their advanced stage of development. The products made in these industries were very popular in the world markets and there was a huge demand for them. In the Asian and European markets, these goods used to sell like hot cakes and in Arab countries, people were crazy for Indian products. The consumption level of Indian products were very high in China, Japan, Java, Sumatra, Borneo, Sri Lanka etc. The elite class was fond of these goods within the country too. These industries had also got the protection of kings and emperors. During the time of British rule over India, these industries did not get any type of encouragement or protection.

अंक 15

**प्रश्न 6 : अंग्रेजी शब्दों के स्थान पर हिन्दी शब्दों का प्रयोग करते हुए वाक्य दोबारा लिखिए।**

(क) 10 जनवरी को वर्ल्ड हिन्दी डे के उपलक्ष्य में चीफ इंजीनियर के आफिस में आफिशियल लैंग्वेज वर्कशॉप का आयोजन किया जाएगा।

(ख) निम्नलिखित कर्मचारियों का रोटेशन ट्रांसफर करने संबंधी प्रपोजल कार्यपालक इंजीनियर की स्वीकृति हेतु भेजें।

(ग) उपर्युक्त कार्य के लिए प्राप्त टेंडर्स की एनालिसिस तैयार करके असिस्टेन्ट जनरल डायरेक्टर को एप्रुवल के लिए भेजें।

(घ) डिपार्टमेन्ट में दो जूनियर ट्रांसलेटर और एक असिस्टेन्ट डायरेक्टर को अप्पोइन्ट करने के लिए स्टाफ सिलेक्शन कमीशन को लिखे जाने वाले लेटर का ड्राफ्ट बनाएं।

(ङ) पेंशन फिक्स करने से पूर्व पे एण्ड एकाउंट आफिस से रिक्वायर्ड वेरिफिकेशन प्राप्त करें।

अंक 10

**प्रश्न 7: निम्नलिखित शब्दों के हिन्दी पर्याय लिखें ।**

(क) Ex-gratia (ख) De facto (ग) Public domain (घ) Mercantile (ङ) Triennial (च) Pro rata
(छ) Third Party (ज) Starred Question (झ) Face Value (ञ) Linguistics

अंक 10